आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ

# यश भारत

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार · 16 वें वर्ष में प्रवेश

● वर्ष- 16 अंक 81 ● कटनी ● रविवार, 24 अप्रेल, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख मास कृष्ण पक्ष-8 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935



370 हटने के बाद पीएम की पहली रैली

# पीएम ने जम्मू को दी 20 हजार करोड़ की सौगात

**कहा- अब कश्मीर के नौजवानों को रोजगार मिलेगा**

**जम्मू।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जम्मू-कश्मीर पहुंचे हैं। सांबा में पीएम मोदी ने मंच में पहुंचकर हाथ जोड़कर और सिर झुकाकर लोगों का अभिवादन किया। यहां पीएम ने 20,000 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया। पीएम ने दिल्ली-कटरा एक्सप्रेस वे की आधारशिला रखी, रतले जल विद्युत परियोजना (850 मेगावाट) का उद्घाटन किया। साथ ही क्वार जल विद्युत परियोजना (540 मेगावाट) का भी शिलान्यास किया। अनुच्छेद 370 के हटने के बाद पीएम का यह पहला दौरा है। श्री मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, न ये जगह मेरे लिए नई है और न मैं आपके लिए नया हूं। मेरे लिए खुशी की बात है कि आज यहां कनेक्टिविटी और बिजली से जुड़े 20 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट का लोकार्पण हुआ है। जम्मू-कश्मीर के विकास को नई रफ्तार देने के लिए राज्य में तेजी से काम चल रहा है। इन प्रयासों से बहुत बड़ी संख्या में जम्मू-कश्मीर के नौजवानों को रोजगार मिलेगा। आज अनेक परिवारों को गांवों में उनके घर के प्रॉपर्टी कार्ड भी मिले हैं। ये स्वामित्व कार्ड गांवों में नई संभावनाओं को प्रेरित करेंगे। मैं लाल किले से सबका प्रयास बोलता हूं। पल्ली के नागरिकों ने यह करके दिखाया है। यहां के पंच और सरपंच बता रहे थे कि यहां कार्यक्रम तय हुआ तो सरकार के लोग और कॉन्ट्रेक्टर्स आते थे, यहां कोई ढाबा नहीं है। यहां लंगर नहीं चलता है। ये लोग आ रहे हैं तो उनके खाने का क्या करें। सबने मुझे बताया कि हर घर से कोई 20 रोटी लाता और कोई 30 रोटी। 10 दिन से गांववालों ने सभी को खाना खिलाया है।मोदी बोले- देश को कार्बन न्यूट्रल बनाने का संकल्प है। इस दिशा में जम्मू-कश्मीर ने बड़ी पहल की है। हिंदुस्तान ने ग्लास्गो के संकल्प को जम्मू-कश्मीर की छोटी पंचायत पल्ली में लागू किया गया।

**मन की बात में मोदी**

## देश में बढ़ रहीं कैशलेश गतिविधियां

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशवासियों को मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा, साथियों, देश के प्रधानमंत्रियों के योगदान को याद करने के लिए आजादी के अमृत महोत्सव से अच्छा समय और क्या हो सकता है। देश के लिए यह गौरव की बात है कि आजादी का अमृत महोत्सव एक जन-आंदोलन का रूप ले रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, इतिहास को लेकर लोगों की दिलचस्पी काफी बढ़ रही है और ऐसे में पी.एम. म्यूजियम युवाओं के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन रहा है जो देश की अनमोल विरासत से उन्हें जोड़ रहा है। पीएम मोदी ने कहा, आप सब जानते हैं कि 18 मई को पूरी दुनिया में इंटरनेशन म्यूजियम डे मनाया जाएगा। इसे देखते हुए अपने युवा साथियों के लिए मेरे पास एक आइडिया है। क्यों न आने वाली छुट्टियों में आप अपने दोस्तों की मंडली के साथ स्थानीय म्यूजियम देखने जाएं। आप अपना अनुभव #MuseumMemories के साथ जरूर साझा करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, देश में कैशलेश गतिविधयां बढ़ रही हैं। हर दिन देश में 20 हजार करोड़ रुपये का कैशलेश ट्रांसजेक्शन हो रहा है। आप जो गली के नुक्कड़ की दुकानों पर यूपीआई पेमेंट करते हैं, इसका देश की तरक्की में बड़ा योगदान है। प्रधानमंत्री ने कहा, मार्च के महीने में यूपीआई ट्रांजेक्शन 10 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। वहीं गर्मी में पानी बचाने का महत्व दोहराया। पीएम मोदी ने कहा, देश भर के लोगों ने मुझे प्रधानमंत्री संग्रहालय के बारे में पत्र और संदेश लिखे हैं। 14 अप्रैल को बाबासाहेब अम्बेडकर की जयंती पर संग्रहालय का उद्घाटन किया गया था। पीएम ने कहा, टेक्नोलॉजी ने एक और बड़ा काम किया है। ये काम है हमारे दिव्यांग साथियों की असाधारण क्षमताओं का लाभ देश और दुनिया को दिलाना। हमारे दिव्यांग भाई-बहन क्या कर सकते हैं ये हमने टोक्यो ओलंपिक में देखा है।



**80 घंटे के बाद भी काबू नहीं पाया जा सका, करोड़ों की वन-संपदा और वन्य जीव जलकर राख**

# शिमला के तारा देवी जंगल में भीषण आग

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के साथ लगते तारा देवी के जंगल में 80 घंटे से अधिक समय बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक बीती शाम तक 7 किलोमीटर क्षेत्र में आग नुकसान कर चुकी है। आग रातभर और अभी भी लगी हुई है। SDMA के अनुसार, शनिवार देर शाम तक ITBP के 120 जवान, वन विभाग के 15 कर्मी और 3 अग्निशमन के जवान आग पर काबू पाने में जुटे रहे, लेकिन सूखा अधिक होने से आग तेजी से फैल रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, आग वीरवार शाम से लगी हुई है।

## बुड़ैल जेल के बाहर टिफिन बम मिला ,आर्मी बुलाई गई

चंडीगढ़। चंडीगढ़ की हाई सिक्योरिटी बुड़ैल जेल की दीवार के पास टिफिन बम मिला है। इस सूचना के बाद चंडीगढ़ पुलिस समेत बुड़ैल जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर चंडीगढ़ पुलिस के एसएसपी कुलदीप सिंह चहल समेत कई बड़े अफसर पहुंचे। यह एक्सप्लोसिव दीवार के साथ सटा कर एक काले रंग के बैग में रखा गया था। शनिवार देर शाम इस बैग की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम समेत चंडीगढ़ पुलिस का बम निरोधक दस्ता और आर्मी चंडीमंदिर से बुला ली गई। देर रात लगभग साढ़े 11 तक आर्मी की टीम का ऑपरेशन चलता रहा। बुड़ैल जेल को चारों तरफ से सील कर दिया गया है। बैरिकेडिंग कर घटना वाली सड़क को आम पब्लिक के लिए ब्लॉक कर दिया गया है।

# मप्र में मौसम पर बड़ा अलर्ट

**19 मई तक रहेगी भीषण गर्मी, 25 अप्रैल से हीट वेव की चेतावनी**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मौसम विभाग ने 19 मई तक तेज गर्मी का अलर्ट जारी किया है। दो दिन बाद यानी 25 अप्रैल से हीट वेव चलने लगेगी, जो ग्वालियर से एंट्री करेगी। इस दौरान 27 अप्रैल तक लगातार तीन दिन तक प्रदेश के 20 जिलों में हीट वेव चलेगी। हालांकि इंदौर और भोपाल समेत कुछ अन्य इलाकों में लू से राहत रहेगी, यहां गर्मी धीरे-धीरे बढ़ेगी। मौसम वैज्ञानिक वेद प्रकाश सिंह के अनुसार 19 मई तक गर्मी इसी तरह सताएगी। ऐसे में पारा 45 डिग्री के पार जा सकता है। प्रदेश में शनिवार को खंडवा-खरगोन सबसे ज्यादा गर्म रहे। यहां पारा 43 डिग्री रहा। भोपाल में भी पारा 3 डिग्री चढ़कर 41 डिग्री तक पहुंच गया। ग्वालियर और जबलपुर का तापमान भी 41 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, इंदौर में 40 डिग्री के नीचे ही पारा है।प्रदेश भर में बीते 24 घंटों के दौरान मौसम में बदलाव देखने को मिला। भोपाल में सबसे ज्यादा 4 डिग्री न्यूनतम तापमान बढ़ा, जबकि रीवा, शहडोल, सागर और नर्मदापुरम संभागों में तापमान काफी नीचे आया है।

# बलिदानी शंकर पटेल को आज दी जाएगी अंतिम विदाई



**सरकार देगी एक करोड़ की सम्मान निधि,परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी भी**

**सतना।** जम्मू-कश्मीर में आतंकियों से मुठभेड़ में अपने प्राण का बलिदान देने वाले सतना के शंकर प्रसाद पटेल को आज अंतिम विदाई दी जाएगी। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बलिदानी शंकर प्रसाद पटेल के परिवार को एक करोड़ रुपये की सम्मान निधि दी जाएगी। परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी भी दी जाएगी। उपयुक्त स्थान पर उनकी प्रतिमा लगाई जाएगी और किसी एक संस्था का नाम उनके नाम पर रखा जाएगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीर सपूत को श्रद्धांजलि देते हुए रविवार को यह घोषणा की है। उनके अंतिम संस्कार में सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर मंत्री रामखेलावन पटेल मौजूद रहेंगे। सीआइएसएफ के एसआई शंकर प्रसाद पटेल का अंतिम संस्कार पूर्ण राजकीय और सैन्य सम्मान के साथ उनके गृहग्राम सतना जिले के अमदरा के पास नौगवां में किया जाएगा। जिले के मैहर तहसील के नौगवां निवासी 57 वर्षीय शंकर प्रसाद पटेल शुक्रवार को कश्मीर के सुजवां सेक्टर में आतंकी हमले में वीरगति को प्राप्त हो गए थे। जिसके बाद कश्मीर में उनके पार्थिव शरीर को अधिकारियों द्वारा नमन किया गया और वहां से उन्हें सीआईएसएफ के मुख्यालय दिल्ली लाया गया जहां श्रद्धांजलि के बाद बलिदानी के पार्थिव देह को पूरे सैनिक सम्मान के साथ दिल्ली हवाई अड्डे से शनिवार को विशेष विमान से जबलपुर लाया गया। जबलपुर से सुसज्जित वाहन में पार्थिव शरीर सड़क मार्ग से कटनी होते हुए शाम लगभग 6 बजे नौगवां पहुंचा। ज्ञात हो कि स्व. शंकर प्रसाद पटेल 2024 में सेवानिवृत्त होने वाले थे। सीआईएसफ में एएसआई के रूप में वे छत्तीसग ? के भिलाई में पदस्थ थे और विशेष ड्यूटी के तहत उन्हें 18 अप्रैल को ही कश्मीर भेजा गया था जहां उनके काफिले पर 22 अप्रैल की सुबह 4 बजे आतंकवादियों ने ग्रेनेड फेंककर हमला कर दिया।

**ISRO का कमाल**

# वैज्ञानिकों ने बनाई अंतरिक्ष ईंट

**बेंगलुरु।** मंगल ग्रह और चांद पर इंसानी बस्तियां कब बस पाएगी, इस सवाल का जवाब मिलने में अभी देर लगेगी। लेकिन इंसान वहां बसने के बाद कैसे रह पाएंगे, इस पर वैज्ञानिक दशकों से शोध कर रहे हैं। हाल ही में इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस बेंगलुरु ने मिलकर एक ऐसी ईंट तैयार की है, जिसकी मदद से मंगल पर इमारतें खड़ी की जा सकती हैं। ढ्ढस्क्रह्र की यह रिसर्च प्लॉस वन जर्नल में प्रकाशित हुई है।

### कैसे बनी यह अंतरिक्ष ईंट?

अंतरिक्ष ईंट (स्पेस ब्रिक) बनाने के लिए भारतीय वैज्ञानिकों ने बैक्टीरिया आधारित टेक्नोलॉजी की मदद ली। सबसे पहले मंगल से लाई गई मिट्टी को स्पोरोसारसीना पेस्टुरी नाम के बैक्टीरिया, ग्वार गम, यूरिया और निकल क्लोराइड में मिलाया गया। फिर इनसे बने मिश्रण को ईंट के आकार के सांचों में डाला गया। कुछ दिनों बाद बैक्टीरिया ने यूरिया को कैल्शियम कार्बोनेट के क्रिस्टल में बदल दिया। इससे ईंट पूरी तरह सख्त होकर तैयार हो गई।

### चांद के लिए भी बन चुकी है

ढ्ढस्क्रह्र और ढ्ढढ्डस्ष्ट के वैज्ञानिकों ने अगस्त 2020 में भी कुछ ऐसा ही प्रयोग किया था। उस समय यह एक्सपेरिमेंट चांद की मिट्टी पर किया गया था। रिसर्चर्स का कहना है कि चांद की ईंट बनाने के लिए जिस प्रोसेस का इस्तेमाल हुआ था, वह केवल बेलनाकार (सिलेंड्रिकल) ईंटों को ही बना सकती थी। हालांकि इस साल वैज्ञानिकों ने जो प्रोसेस अपनाई है, उससे कई आकार की ईंटों को विकसित किया जा सकता है।

### मंगल की मिट्टी से ईंट बनाना कठिन

IISc में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर और रिसर्चर आलोक कुमार का कहना है कि मंगल ग्रह की मिट्टी से ईंट विकसित करना कोई आसान काम नहीं था। दरअसल, मंगल की मिट्टी में आयरन ऑक्साइड की मात्रा काफी ज्यादा होती है, जिसकी वजह से बैक्टीरिया उसमें पनप नहीं पाते।

# प्रिंयका वाड्रा से 2 करोड़ की पेंटिंग खरीदने के लिए मजबूर किया गया

**नई दिल्ली।** यस बैंक के सह-संस्थापक राणा कपूर ने प्रवर्तन निदेशालय के सामने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। ईडी द्वारा दायर चार्जशीट के मुताबिक, राणा कपूर ने दावा किया कि उन्हें कांग्रेस नेता प्रियंका वाड्रा से एमएफ हुसैन पेंटिंग खरीदने के लिए मजबूर किया गया था। यह जानकारी मुंबई की एक विशेष अदालत के समक्ष दायर दूसरे पूरक आरोप पत्र से मिली है। इसमें राणा कपूर ने बताया है कि दिवंगत कांग्रेस नेता मुरली देवड़ा (जो उस समय केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री थे) ने 2 करोड़ रुपए में उक्त पेंटिंग खरीदने के लिए कई बार फोन किए। मुरली देवड़ा ने यह भी कहा कि यदि राणा कपूर यह पेंटिंग खरीदते हैं तो उन्हें पद्म भूषण पुरस्कार मिलने की संभावना है। उन्होंने कथित तौर पर कहा कि बिक्री से प्राप्त राशि का इस्तेमाल न्यूयॉर्क में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के इलाज के लिए किया गया था। राणा कपूर को ईडी ने 30 घंटे की पूछताछ के बाद 8 मार्च 2020 को गिरफ्तार किया था। ईडी ने आरोप लगाया है कि राणा कपूर ने अपनी बेटियों की कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए यस बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में अपने पद का दुरुपयोग किया। एजेंसी के अनुसार, यस बैंक द्वारा 30,000 करोड़ रुपये के ऋण दिए गए थे।



यश बैंक के सह संस्थापक राणा कपूर का आरोप

## मप्रमें कोयले की कमी नहीं, गर्मी बढ़ने से मांग बढ़ी है

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश में कोयले की कमी और बिजली संकट को लेकर मचे सियासी घमासान के बीच प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर का बयान सामने आया है। बिजली संकट को लेकर ऊर्जा मंत्री तोमर का कहना है कि कुछ परेशानियां हैं जिनका समाधान हम युद्ध स्तर पर कर रहे हैं। मध्य प्रदेश में कोयले कोई कोई कमी नहीं है। गर्मी अधिक बढ़ गई है ऐसे में बिजली की मांग भी बढ़ी है तो उत्पादन भी बढ़ाने की आवश्यकता है। जितनी मात्रा में कोयला चाहिए उतने कोयले की समय पर व्यवस्था हो जाएगी, प्रदेशवासियों को चिंतित होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछली बार भी कोयला संकट को लेकर सवाल खड़े हुए थे हमने तब भी कहा था कि कोयले की कमी नहीं आने दी जाएगी। साथ ही कहा कि अगर मध्य प्रदेश में प्राकृतिक आपदा आ गई तो बात अलग है।

## किरीट सोमैया का सनसनीखेज आरोप

**उद्धव ठाकरे ने 3 बार की जान लेने की कोशिश**

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी के नेता किरीट सोमैया पर शिवसेना कार्यकर्ताओं ने मुंबई के खार पुलिस थाने के बाहर उस समय कथित तौर पर हमला किया जब वह शनिवार रात अमरावती से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और उनके पति विधायक रवि राणा से मिलने गए थे। शिवसेना कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर किरीट सोमैया के वाहन पर पथराव किया, जिससे वह घायल हो गए। भाजपा नेता ने कहा, मुंबई पुलिस ने मेरी प्राथमिकी दर्ज करने से इनकार कर दिया। उन्होंने एक फर्जी प्राथमिकी दर्ज की जिसमें कहा गया कि केवल एक पत्थर फेंका गया था। 70-80 शिवसैनिकों ने मुझ पर हमला किया, सूचना के बावजूद खार पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच की जा रही है। किरीट सोमैया ने यह भी आरोप लगाया कि सीएम उद्धव ठाकरे ने उन्हें मारने की कोशिश की और यह हमला तीसरा प्रयास था। उन्होंने कहा, उद्धव ठाकरे द्वारा मेरी जान लेने का तीसरा प्रयास था यह। पहले वाशिम, फिर पुणे और अब खार में हमला किया गया।

**हिंदू बेटी ने मुस्लिम घर से लिए 7 फेरे**

# परवेज के घर बना पूजा के ब्याह का मंडप



**सोने की चेन पहनाकर विदा किया**

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में एक मुस्लिम परिवार ने रमजान के पवित्र महीने में भाईचारे की मिसाल पेश की है। यहां से आपसी सौहार्द की सुकून देने वाली तस्वीर सामने आई हैं। ये तस्वीरें सभी को मिलजुल कर रहने की सीख देती हैं। दरअसल पूजा के सिर से पिता का साया उठ गया था। उसे लगता था कि उसकी शादी कभी नहीं हो पाएगी। इस बात की जानकारी जब पड़ोस में रहने वाले एक मुस्लिम परिवार को हुई तो उन्होंने उसकी शादी धूमधाम से कराई। अपने घर के अंदर मंडप बनवाया। मुस्लिम महिलाओं ने मंगल गीत गाए। उसके बाद सुबह में अपने से घर से ही उसे विदा किया। आजमगढ़ शहर के एलवल मोहल्ले के रहने वाले राजेश चौरसिया पान की दुकान लगाकर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। उनकी बहन शीला के पति की दो साल पहले कोरोना काल में मौत हो गयी थी। इसके बाद चौरसिया ने अपनी भांजी पूजा की शादी करने की ठानी।उन्होंने अपनी भांजी पूजा चौरसिया की शादी तय भी कर दी, लेकिन मुश्किल ये थी कि राजेश के पास केवल रहने के लिए घर के सिवाय कुछ भी नहीं था। यही नहीं, उनकी आर्थिक हालत भी अच्छी नहीं थी, जिससे भांजी की शादी कर सकें। राजेश चौरसिया अपनी भांजी की शादी की जद्दोजहद में थे। इस बीच उन्होंने अपने पड़ोस में रहने वाले परवेज से भांजी की शादी के लिए मंडप लगाने की बात कही। यह सुनते ही परवेज मदद के लिए आगे आए। परवेज के घर के आंगन में न सिर्फ मंडप सजा बल्कि मंगल गीत भी गाए गए।इसके बाद 22 अप्रैल को जौनपुर जिले के मल्हनी से बारात आंगन में पहुंची तो द्वाराचार और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सात फेरे और सिन्दूरदान की रस्म संपन्न हुई। इस दौरान हिन्दू-मुस्लिम महिलाएं मिलकर देर रात तक शादी में मंगल गीत गाती रहीं।

**फिर बढ़े कोरोना के मामले**

## बीते 24 घंटों में 2500 से अधिक संक्रमित, 44 मरीजों की मौत

**नई दिल्ली ।** देश में कोरोना एक बार फिर से पैर पसारने लगा है। संक्रमण की रफ्तार ने लोगों के साथ-साथ सरकार की भी चिंता बढ़ा दी है। बढ़ते संकट को देखते हुए पीएम मोदी 27 अप्रैल को राज्य के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करने जा रहे हैं। वहीं, इस बीच आज स्वास्थ्य मंत्रालय ने जो कोरोना के आंकड़े पेश किए हैं वह चिंताजनक है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी रविवार के आंकड़े के अनुसार बीते 24 घंटों में देश में कोविड-19 संक्रमण के 2 हजार 593 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान 44 मरीजों की मौत हुई। नए आंकड़ों को मिलाकर देश में कुल मरीजों की संख्या 4 करोड़ 30 लाख 57 हजार 545 पर पहुंच गई है। वहीं, अब तक 5 लाख 22 हजार 193 संक्रमित जान गंवा चुके हैं। देश में 15 हजार 873 मरीजों का इलाज जारी है।



कटनी, मंडला, जबलपुर, भोपाल, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित

# पत्थर और गिट्टी का उपयोग नहीं फिर भी लग गए बिल !



# तीखे हुए गर्मी के तेवर

## दो दिन राहत के बाद आज से फिर भीषण गर्मी पड़ने के संकेत राजस्थान से आ रही गर्म हवाओं के कारण गर्मी ज्यादा

**कटनी।** कल आसमान पर बादल छंटने के साथ ही गर्मी के तेवर एक बार तीखे होने लगे हैं। राजस्थान और गुजरात में तपिश का असर मध्यप्रदेश में दिख रहा है कटनी में बीते 24 घंटों में कुछ राहत मिली थी लेकिन रविवार की सुबह ही सूर्य के तीखे तेवर दिखने लगे मौसम विभाग ने कहा कि राजस्थान से आ रही गर्म हवाओं के कारण शनिवार को पूरे मध्य प्रदेश में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। प्रदेश में सबसे अधिक 43 डिग्री सेल्सियस तापमान खरगोन, रतलाम, नर्मदापुरम एवं खंडवा में दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला अभी बना रहेगा। सोमवार से कहीं–कहीं लू भी चल सकती है। पश्चिमी विक्षोभ कमजोर पड़ चुका है। अरब सागर से नमी मिलने का सिलसिला भी थम गया है। इस वजह से बादल भी छंट गए हैं। पड़ोसी राज्य गुजरात, राजस्थान में भी तापमान बढ़ने लगा है। इस वजह से मध्य प्रदेश में भी गर्मी के तेवर तीखे होने लगे हैं।

इसी क्रम में शनिवार को कटनी का अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री से. दर्ज किया गया। जो सामान्य से दो डिग्री से. अधिक रहा। यह शुक्रवार के अधिकतम तापमान 39 डिग्री से. की तुलना में 2.2 डिग्री से. अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री से. रिकार्ड किया गया। यह भी सामान्य से दो डिग्री से. अधिक रहा। साथ ही शुक्रवार के न्यूनतम तापमान 21.8 डिग्री से. के मुकाबले 3.6 डिग्री से. अधिक रहा।

### ये मौसम प्रणालियां हैं सक्रिय

मौसम विज्ञान केंद्र के की मानें तो वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ श्रीनगर के आसपास ट्रफ के रूप में बना हुआ है। दक्षिण-पूर्वी मध्य प्रदेश एवं उससे लगे छत्तीसगढ़ पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। हालांकि ये दोनों मौसम प्रणालियां कमजोर हैं। पश्चिमी विक्षोभ के रविवार को समाप्त हो जाने की संभावना है। इस वजह से दिन के तापमान में बढ़ोतरी होने का सिलसिला बना रहेगा। सोमवार से कहीं-कहीं लू चलने के भी आसार हैं।

कटनी। कटनी जिले में प्रशासन की सख्ती के बावजूद सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार की खबरें मिलती रहती हैं ऐसा ही एक मामला बड़वारा तहसील से सामने आया है। जिले में विभिन्ना स्थानों पर तालाब गहरीकरण किए जाने हैं। इन स्थानों पर मनरेगा मद से तालाबों को गहरीकरण किए जा रहे हैं। लेकिन मिली भगत से ऐसी अनुमति मिल रही हैं जो नियमों के विपरीत हैं। वहीं ऐसी भी शिकायतें सामने आ रही हैं कि तालाबों का गहरीकरण कागजों में ही हो गया। तालाब मनरेगा मद से गहरे किए जाने हैं लेकिन कई स्थानों पर जेसीबी संचालकों को तालाबों के गहरीकरण की अनुमति दी जा रही है। पिछले दिनों तेवरी में ही ऐसा मामला सामने आने के बाद ग्रामीणों ने विरोध दर्ज करवाया था।



### निर्धारित तकनीक और मानदंडों के अनुरूप निर्माण नहीं

बड़वारा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बिजौरी में तालाब निर्माण में निर्धारित तकनीक और मानदंडों के अनुरूप निर्माण नहीं होने की बात सामने आई है। जानकारी के अनुसार प्रशासन से इस कार्य के लिए बजट 12 लाख की स्वीकृत हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मिट्टी, पत्थर, गिट्टी का उपयोग नहीं हुआ फिर भी लाखों के बिल बना दिए गए हैं। मैदान सपाट दिखाई दे रहा है लेकिन कागजों में तालाब का गहरीकरण हो गया है। तालाब में आर्थिक अनियमितताओं का आरोप ग्रामीण लगा रहे हैं।

### बिल मनमाने तरीके से लगाए

बड़वारा की ग्राम पंचायत बिजौरी में खेल मैदान के पास तालाब का निर्माण मनरेगा योजना से करवाया गया है। इस कार्य के लिए तकनीकी स्वीकृति 12 लाख रुपये है। निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत थी। सरपंच व सचिव द्वारा तकनीकि मानदंडो की अनदेखी की गई है। बिल मनमाने तरीके से लगाए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि 4 लाख 9 हजार रुपये की सामग्री के बिल लगाए गए हैं। इसमें मिट्टी का ट्रांसपोर्ट, पिंचिंग के पत्थर, व वेस्ट वेयर के लिए गिट्टी रेत सीमेंट और लोहे के बिल शामिल हैं। जानकारी के अनुसार 150 मीटर की लंबाई और चौड़ाई करबी 5 मीटर हो तभी इतनी सामग्री लगती है। मौके पर तालाब की लंबाई 50 मीटर और चौड़ाई 3 मीटर से भी कम है। गहराई बिल्कुल नहीं है। ऐसे में पानी कैसे रुकेगा। मामले में सचिव और सरपंच से बात करने की कोशिश की गई उनसे बात नहीं हो पाई।

### तेवरी में आया था ऐसा मामला

स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत तेवरी में तालाब गहरीकरण के नाम पर बड़ी मनमानी की शिकायत आई थी। खननकर्ता के द्वारा नियमों को ताक पर रखकर खनन का कार्य करते हुए तालाब को खदान जैसा बना दिया गया। सूचना मिली तो जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तो खनन कर्ता के बीच गहमागहमी का माहौल बन गया। खनन कर्ता ने तालाब गहरीकरण की अनुमति दिखाई जो खनिज विभाग से मिली थी। लेकिन ग्रामीणों का कहना था कि जबकि तालाब गहरीकरण की अनुमति मिली है तो फिर खदान क्यो खोद रहे हो।

# अमृत स्कूल के साथ शिक्षा के क्षेत्र में कटनी को मिल सकती है उल्लेखनीय उपलब्धि

**कटनी।** शिक्षा के क्षेत्र में कटनी को उपलब्धि मिल सकती है बसर्ते सब कुछ वैसा ही चले जैसा बताया जा रहा है। कटनी जिले में अमृत स्कूल खोलने की योजना के तहत काम शुरू हुआ है। जिले के सरकारी स्कूलों के खस्ता हालात के बीच बच्चों व अभिभावकों के लिए एक राहत भरी खबर आई है। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत खास पहल हो रही है। जिले में 75 अमृत स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं। बता दें इस योजना के तहत जिला स्त्रोत समन्वयक ने सभी विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों कटनी, बड़वारा, विजयराघवगढ़, रीठी, बहोरीबंद, विजयराघवगढ़ से 13-13 स्कूलों का चयन कर चयन सूची मंगाई गई है। यह स्कूल शासन को भेजी जाएगी, जिसके बाद इन स्कूलों को अमृत विद्यालय के तहत सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रक्रिया शुरू होगा। इन स्कूलों की खासियत होगी कि बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ अच्छे शिक्षकों द्वारा बेहतर तकनीक के साथ पढ़ाई कराई जाएगी। प्रथमिक और माध्यमिक स्कूलों में प्रोजेक्टर, कम्प्यूटर, लैपटॉप आदि के माध्यम से बच्चों को शिक्षित किया जाएगा।



## जिले में 75 विद्यालय खोलने का प्रस्ताव

### इन स्कूलों का होगा चयन

बता दें कि अमृत विद्यालय के लिए ऐसे स्कूल शामिल किए जा रहे हैं जिनमें दर्ज संख्या अधिक हो, स्कूल रोड से लगे हों व आसपास में नहर, तालाब हों, उनको शामिल किया जाना है। विद्यालय के नाम सहित शिक्षकों की संख्या, दर्ज संख्या, बाउंड्रीवॉल की स्थिति, खेल मैदान, कक्षों की संख्या, पेयजल की स्थिति, विद्युतीकरण, हैंडवॉश सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी मंगाई गई है।

# कटनी से होकर गुजरेगी एलटीडी समस्तीपुर एक्सप्रेस




कटनी । मई के माह में ट्रेनों में लगी लंबी वेटिंग से राहत देने के लिए रेलवे ने इन दिनों कई महत्वपूर्ण और स्पेशल ट्रेनें चलाई हैं। इन ट्रेनों का फायदा जबलपुर स्टेशन से बैठने वाले यात्रियों को भी मिल रहा है। रेलवे ने एलटीटी यानी मुंबई से समस्तीपुर तक के लिए एक स्पेशल ट्रेन चलाई है जो कटनी जबलपुर से होकर जा रही है । यह ट्रेन जून माह तक चलेगी । खास बात यह है कि कटनी से मुंबई और समस्तीपुर जाने के लिए यात्रियों को एक और ट्रेन मिल गई है।

### ये हैं समर स्पेशल ट्रेन

गाड़ी संख्या 01043 एलटीटी से समस्तीपुर सुपरस्टार स्पेशल ट्रेन प्रत्येक रविवार एवं गुरुवार को 10 जून तक एलटीटी स्टेशन से 12¬15 बजे प्रारम्भ होकर भुसावल 19¬10 बजे अगले दिन इटारसी स्टेशन से 00¬30 बजे, पिपरिया स्टेशन 01¬40 बजे, जबलपुर स्टेशन 04¬30 बजे, कटनी स्टेशन 07¬00 बजे, मैहर स्टेशन 07¬42 बजे एवं सतना 08¬25 बजे होकर गुजरेगी। प्रयागराज छिवकी 11¬40 बजे और 21¬15 बजे समस्तीपुर पहुँचेगी --गाड़ी संख्या 01044 समस्तीपुर से एलटीटी स्पेशल ट्रेन प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार से 12 जून तक समस्तीपुर स्टेशन से 23.30 बजे प्रारम्भ होकर दूसरे दिन प्रयागराज छिवकी 08.35 बजे, सतना 12.10 बजे, मैहर 12.50 बजे, कटनी 13.40 बजे, जबलपुर 15.25 बजे, पिपरिया 17.58 बजे एवं इटारसी 19.55 बजे से होकर गुजरेगी। तीसरे दिन भुसावल 00.40 बजे और 07.40 बजे एलटीटी पहुँचेगी। कोच-इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 05 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 01 वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी, 10 शयनयान श्रेणी, 03 सामान्य श्रेणी एवं 02 जनरेटर कार सहित कुल 22 कोच हैं।

### इन स्टेशनों पर रहेगा ठहराव

यह गाड़ी रास्ते में दोनों तरफ कल्याण, नासिक रोड, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, पिपरिया, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना,प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर एवं मुजफ्फरपुर स्टेशनों पर रुकेगी।

# ध्यान दें ! कटनी में एक बस स्टेंड भी है

कटनी। कटनी में रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं की ओर हर किसी का ध्यान है लेकिन जिम्मेदार यह भूल गए कि कटनी में एक बस स्टेंड भी है जो अंतर्राज्यीय स्तर का बस स्टेंड है जब यह बस स्टेंड बन कर तैयार हुआ था तब इसका नाम दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नाम से प्रियदर्शनी रखा गया था। लेकिन अब यह नाम के अनुरूप नहीं बचा। राज्य परिवहन समाप्त होने के बाद से कटनी का यह बस स्टेंड अपनी दुर्दशा पर निरंतर आंसु बहाता रहा पर कोई भी आंसु पोछने आगे नहीं आया। गाहे बगाहे विकास की योजनाओं के बार में सुना जरूर गया लेकिन धरातल पर यह योजनाएं नहीं दिखीं। कटनी से कई बड़े छोटे शहरों तक आज भी बस सेवा चल रही है। शहर के प्रियदर्शनी बस अड्डे के निर्माण के समय नगर निगम ने इसमें यात्रियों को बेहतर सुविधा देने का दावा किया था। लेकिन यह बस अड्डा अब अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। गर्मी के साथ अव्यवस्थाओं की दोहरी मार ने यात्रियों को परेशान कर रखा है। तेज गर्मी में बस अड्डे के यात्री प्रतीक्षालय में लगे पंखें बंद हैं। बदहाली का आलम ये है कि पंखों तक बिजली पहुंचाने वाले तार ही उखड़ गए हैं। वॉटर कूलर भी तीन महीने से खराब हैं। एक में तो करंट तक आता है, जिसे अब तक ठीक नहीं कराया गया। तेज गर्मी में जब गला बार-बार सूख रहा है यात्रियों को शीतल पेयजल ढूंढना पड़ रहा है। मजबूरी में कई बार यात्रियों को पानी की बोतल खरीदकर अपनी प्यास बुझना पड़ रहा है। मांगलिक कार्यों के चलते बसों में अभी यात्रियों की आवाजाही ज्यादा है। बसों की प्रतीक्षा करते यात्रियों की भीड़ रहती है। लेकिन बदहाली की मार झेल रहे बस अड्डे में यात्रियों के बैठने के पर्याप्त इंतजाम भी नहीं है। कुछ समय पर यात्रियों के लिए लगाई गई स्टील की कई कुर्सियां भी टूट गई है। लू के थपेड़ों के बीच यात्रियों को खड़े रहने मजबूर होना पड़ रहा है। निगरानी में चूक के कारण बस अड्डे की व्यवस्थाओं लडखड़ाती जा रही है।



सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 22 से
11.30, 3, 6.30 एवं रात्रि 9.45 बजे से





JERSY (हिंदी में)
कलाकार- शाहिद कपूर, मृणाल ठाकुर, पंकज कपूर, शिशिर शर्मा आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 22 से
12.30, 3.45, 7, एवं रात्रि 10.15 बजे से



KGF CHAPTER–2 (हिंदी में)
कलाकार- यश, संजय दत्त, सुनिधि शेट्टी, प्रकाश राज आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

नीरज सिनेप्लेक्स में




शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 3 शो ता. 14 से
11.45, 3 एवं 6.15 बजे से
KGF CHAPTER-2
(हिन्दी में)
कलाकार- यश, संजय दत्त, सुनिधि शेट्टी, प्रकाश राज आदि।
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-221823 मो.

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

## नीलिमा ❤ से

### झंझावात

अधरों पर मुस्कानों के संग हैं पीड़ा के संताप
भीतर घुट कर रह गई हृदय की वेदना विलाप

प्रचंड ज्वाला की आग में तप रहा है चित्त बेहिसाब
अप्रत्यक्ष अकल्पनीय अनर्गल सोच का है संत्रास

बिन बादल ही नयन कोरों से, अश्रुओं का है वज्रपात
भीतर के सन्नाटे का बांध तोड़ती जैसे तूफानी बरसात

तन को जलाकर राख कर रही है गहन अंधेरी रात
नीरव निर्जन मन में कोलाहल, ये कैसा अभिशाप

स्वयं की घुटती सांसों का सहना पड़ेगा हर आघात
जलता रहेगा दिया, जूझकर जिंदगी के अनवरत झंझावात

उसको क्या छलेगा फिर जीवन का संघर्ष किंचित मात्र
जो पी रहा रोज विष का प्याला, काल को देकर मात!!!

- नीलिमा पाठक सामंतरे

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, रविवार, 24 अप्रैल 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

## जनप्रतिनिधियों और नगर निगम के अधिकारियों की संयुक्त बैठक में पेयजल संकट से निपटने कई निर्णय

# पेयजल संकट गहराया तब एक्टिव हुआ प्रशासन



शहर की पेयजल दायिनी कही जाने वाली कटनी नदी के कटाएघाट एनीकम स्टापडेम में जल स्तर लगातार गिरता जा रहा है। पिछले दिनों नगर निगम ने यहां पर सफाई अभियान शुरू किया था लेकिन इस दौरान एक युवक की डूब जाने से मौत के बाद सफाई अभियान भी बंद कर दिया गया।

## समस्या के स्थायी समाधान बरगी नहर का पानी कटनी नदी तक लाने की योजना को अब तक नहीं मिली सफलता

कटनी। शहर में पेयजल संकट गहराया, तब प्रशासन और नगर निगम के अधिकारी इसके समाधान के लिए सक्रिय हुए। हर साल गर्मी में शहर में पेयजल संकट गहराता है और हर साल जब आग लगती है, तब उसे बुझाने के प्रयास शुरू होते हैं। इस साल भी कुछ ऐसा ही हो रहा है। पिछले 15 दिनों से शहर में पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। अखबारों से लेकर विपक्षी दलों और लोगों द्वारा लगातार नगर निगम और प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया जा रहा था लेकिन पेजयल संकट से निपटने के लिए पहले से ठोस कदम नहीं उठाए गए। अब जब पूरे शहर में पानी को लेकर हाय-तौबा मची, तब प्रशासन एक्टिव हुआ और जनप्रतिनिधियों एवं नगर निगम के अधिकारियों के साथ कलेक्टर सभागार में संयुक्त बैठक में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने पेयजल संकट के निदान को लेकर विचार विमर्श करते हुए आवश्यक निर्णय लिए। जिसमे टेंकरों के माध्यम से प्रभावित वार्डों में वाटर सप्लाई, बोरिंग कराने एवं छोटी-छोटी पाइप लाइन को लेकर जोड़कर पेयजल आपूर्ति सुचारू करने का निर्णय लिया गया है। प्रशासन के इस निर्णय से शहर के लोगों को कुछ राहत तो मिलेगी, परंतु हर साल गर्मी में व्याप्त होने पेयजल संकट के स्थायी समाधान बरगी नहर का पानी कटनी नदी तक लाने की योजना के क्रियान्वयन पर बैठक में कोई ठोस पहल नहीं हुई। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन ने जब यह मुद्दा उठाया, तब प्रशासन ने यह कहकर बात टाल दी कि इस योजना के क्रियान्वयन में अभी समय लगेगा। उधर निवर्तमान महापौर शशांक श्रीवास्तव ने कहा कि बरगी नहर में भरे पानी को लेकर कटनी नदी तक लाने के लिए प्रयास होने चाहिए। इस समस्या का स्थायी समाधान तभी हो सकता है, जब स्लीमनाबाद के बाद निर्माणाधीन बरगी नहर का पानी कटनी नदी में आए। विदित हो कि सालों से इस योजना पर बात हो रही है, लेकिन काम रत्ती भर नहीं हुआ। न तो योजना का पता है और न ही राशि का। अब तक केवल कोरे आश्वासन ही मिले हैं।

शहर में मार्च का महीना शुरू होते ही पेयजल संकट की शुरूआत हो गई थी। शहर के कुछेक वार्डों में तो हालत उसी समय से खराब होने लगे थे। यही कारण था कि नगर निगम प्रशासन को वाटर सप्लाई में कटौती करनी पड़ी। पहले जहां सप्ताह में 5 दिन जलापूर्ति होती थी तो इसके बाद इसे 4 दिन कर दिया गया। जलापूर्ति में कटौती के बाद भी प्रशासन ने जलसंकट से निपटने कार्ययोजना नहीं बनाई। जिसका परिणाम यह निकला कि शहर के कुछ क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से पानी को लेकर हाय तौबा मची हुई है। भट्ठा मोहल्ला के अंतर्गत आने वाले रामनिवास सिंह वार्ड, कावस जी वार्ड एवं स्वामी विवेकानंद वार्ड सहित अन्य वार्डों में पानी को लेकर हाहाकार मच गया। विपक्षी दलों कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी ने जलसंकट को लेकर आंदोलन किया, तब कहीं जाकर प्रशासन की आंख खुली और अब इस समस्या से निपटने के लिए प्रयास शुरू हुए हैं। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की बैठक में हुए निर्णयों पर अमल शुरू हो पाता, इसके पहले ही आज सुबह पेयजल आपूर्ति ठप्प पड़ गई। बताया जाता है कि नगर निगम द्वारा रोजाना सुबह 7 बजे से वाटर सप्लाई की जाती है लेकिन आज यह 8 बजे के बाद हो पाई।

**टेंकरों से जलापूर्ति, बोरिंग कराने एवं कटनी नदी की सफाई एवं गहरीकरण कराने के निर्देश**

### क्या निर्णय हुए बैठक में



शहर में पानी की कमी को देखते हुए वार्डों में टेंकरों के माध्यम से पेयजल सप्लाई की जाएगी। टेंकरों से पानी सप्लाई के समय की सूचना स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी दी जाएगी, ताकि लोगों को समय पर पेयजल उपलब्ध हो सके। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने बैठक में कहा कि जिन वार्डों में बोरिंग कराने की जरूरत है, उसको प्राथमिकता देते हुए बोरिंग कराएं और जिन स्थानों पर बोरिंग हो चुकी हैं, वहां पर मशीन एवं पाइप लाईन स्थापित कराते हुए सप्लाई प्रारंभ कराएं। उन्होंने कटनी नदी सहित शहर की सीमा से जुड़ी अन्य नदियों की सफाई व गहरीकरण कार्य कराने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिन वार्डों में छोटी-छोटी पाइप लाइन जोड़कर पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकती है। उन स्थानों पर भी प्राथमिकता के साथ कार्य कराएं। गर्मी को देखते हुए बस स्टैंड में यात्रियों के लिए पानी की समुचित व्यवस्था हो, इसके लिए कलेक्टर ने आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश प्रदान किए। नागरिकों को वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए प्रेरित करने और अन्य नगर निगमों से जानकारी लेते हुए वाटर हार्वेसि्टंग के शुल्क में वृद्धि करने के निर्देश दिए। बैठक में पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, पूर्व निगमाध्यक्ष संतोष शुक्ला, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन, मनीष पाठक, अभिषेक ताम्रकार, राजेश जाटव, मौसूफ अहमद बिट्टू, राजकिशोर यादव, राहुल पटेरिया, राजू खरे, डब्बू रजक सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित थे।

### 24 घंटे का किया था वादा, 24 मिनट भी नहीं मिल रहा पानी

नगर निगम की तत्कालीन नगर सरकार ने शहर में 24 घंटे पानी देने का वादा जनता से किया था और जलकर की राशि 90 रूपए से बढ़ाकर 150 रूपए कर दिया था, लेकिन आज स्थिति यह है कि 24 घंटे नहीं, बल्कि 24 मिनट भी पानी नहीं मिल रहा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन ने यह मुद्दा उठाते हुए अपने सुझावों से अवगत कराया। जिसमे टेंकरों का अधिग्रहण करने, हैण्डपंप, ट्यूबबैल एवं पाइप लाइन की तत्काल मरम्मत कराने एवं खदानों से पाइप लाइन जोड़कर प्रतिदिन वाटर सप्लाई करना शामिल रहा।

### जहां टंकियां, वहां बोरिंग कराकर वार्डों में की जाए जलापूर्ति

निवर्तमान महापौर शशांक श्रीवास्तव ने अपने सुझाव देते हुए कहा कि वर्तमान में व्याप्त पेयजल संकट से निपटने के लिए जिन वार्डों में पानी की टंकियां हैं, वहां पर बोरिंग कराई जाए एवं टंकियों को भरकर वार्डों में पेयजलापूर्ति की जाए। इसके अलावा यहां पर रिचार्जिंग की भी व्यवस्था की जाए, जिससे बोरिंग का वाटर लेबल बना रहे। बोरिंग कराने से वार्डों में पेयजल आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था हो जाएगी। वाटर हार्वेस्टिंग का शुल्क भी बढ़ाया जाए। जिससे सभी लोग वाटर हार्वेस्टिंग करा सकें। टेंकरों से प्रत्येक वार्ड में वाटर सप्लाई की जाए।

### जनप्रतिनिधियों से लिए सुझाव, कितना अमल होगा, यह नहीं पता

बैठक में जनप्रतिनिधियों ने भी पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अपने सुझावों से अवगत कराया। जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं की जानकारी बैठक में दी। उनके दिए गए सुझावों पर विचार कर जनप्रतिनिधियों के साथ स्थल निरीक्षण करते हुए कार्रवाई करने के निर्देश भी कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने बैठक में दिए। पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव ने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक को लेकर की गई पहल पर कलेक्टर का धन्यवाद भी ज्ञापित किया। बैठक में नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे, शैलेष जायसवाल, जागेश्वर प्रसाद पाठक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कमिश्नर ने बताई योजना, कब तक पूरी होगी यह नहीं बताया

नगर निगम आयुक्त सतेन्द्र धाकरे ने पेयजल की उपलब्धता कराने के लिए बनाई गई कार्ययोजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नगर में पेयजल का मुख्य स्रोत कटनी नदी ही है। विगत वर्षों की तुलना में इस वर्ष अत्यधिक कम वर्षा होने के कारण बैराज में जल की उपलब्धता कम है। उन्होंने बताया कि चिन्हित 3 खदानों में उपलब्ध पानी को फिल्टर कराने के बाद पेयजल आपूर्ति के लिए उपयोग किया जा सकेगा। विभिन्न वार्डों में स्थापित 752 हैंडपम्प के माध्यम से नागरिकों को वर्तमान में पानी प्राप्त हो रहा है और जिन हैंडपंप की क्षमता अधिक है, उनमें मोटर के माध्यम से सप्लाई की जा रही है। इसके अलावा प्रभावित क्षेत्रों में प्रतिदिन नगर निगम के उपलब्ध व अनुबंधित टेंकरों के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा विभिन्न वार्डों में 15 नग हाईड्रेन्ट बनाये जा चुके हैं, जिनके माध्यम से संकटग्रस्त क्षेत्रों में टेंकरों से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। विभिन्न वार्डों एवं पेयजल संकटग्रस्त क्षेत्रों में 100 नग नवीन नलकूप खनन कार्य कराया जा रहा है, जिसमें से 42 का कार्य पूरा हो चुका है और पाइप लाइन जोड़कर सप्लाई की जा रही है। ऐसे क्षेत्र जिनमें बोरिंग नहीं की जा सकती, उनमें लीड मशीन से 15 नग बोर कराए जाने की कार्यवाही प्रगति पर है। टनल निर्माण के दौरान निकलने वाले वेस्ट वाटर को कटनी नदी में छोड़े जाने का कार्य व घुघरा स्टॉप डेम से बैराज तक पानी लाने चैनल बनाकर पानी को आगे बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। 40 स्थानों पर टंकिया रखवाकर सप्लाई कराने की भी व्यवस्था की जा रही है।




**शासकीय कन्या हाईस्कूल में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस**

## प्राचीन देवालयों का किया भ्रमण, पर्यावरण संरक्षण की दी जानकारी

विजयराघवगढ़। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या हाई स्कूल के इको क्लब द्वारा प्राचार्य डॉक्टर अनिल कुमार मिश्रा के निर्देशन में वार्ड क्रमांक 15 में स्थित जलाशय के समीप छात्र.छात्राओं की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे सर्वप्रथम जलाशय के समीप प्राचीन देवालयों का भ्रमण कर देवालय व पर्यावरण की जानकारी देते हुए प्राचार्य श्री मिश्रा द्वारा आयोजित कार्यक्रम की जानकारी प्रदान की गई। विश्व पृथ्वी दिवस का शुभारंभ 1969 में अमेरिका के वाशिंगटन शहर के सीनेटर जेराल्ड नेल्शन द्वारा की गई थी। उस समय अमेरिका में पेड़ पौधों की अंधाधुंध कटाई एवं वाशिंगटन में तेल रिसाव की घटना के कारण पृथ्वी के पर्यावरण को अत्यधिक नुकसान हुआ था, तभी से विश्व के 192 देशों में 22 अप्रैल के दिन विश्व प्रथ्वी दिवस मनाया जाने लगा। प्राचार्य द्वारा पृथ्वी दिवस पर जानकारी देते हुए पर्यावरण पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में शिक्षक नसीम खान, रवि बेन, मृदुला नामदेव, आशा बेन, ऊषा उरमालिया, गणेश मिश्रा, गीता बर्मन, शिवानी बर्मन व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# अतिथियों को भेंट किए मिट्‌टी से बने उपहार

### विश्व वसुंधरा दिवस पर तुलसी इको क्लब की अनूठी पहल





कटनी। विश्व वसुंधरा दिवस के अवसर पर तुलसी इको क्लब कैलवाराकला द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं पोषण की दिशा में अनूठी पहल की गई। डीईओ पृथ्वीपाल सिंह के मुख्यातिथ्य में जिला नोडल अधिकारी हरित कोर राजेश अग्रहरि के मार्गदर्शन में मिट्‌टी और मिट्‌टी की महिमा से सहज रूप से जोड़ने के लिए मिट्‌टी के उपयोगी पात्रों, जो पर्यावरण मित्र हैं का प्रयोग एवं व्यापक स्तर पर उपयोगिता का प्रदर्शन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी महोदय ने काव्य पाठ के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, जन जागरूकता अभियान में नवीन चेतना एवं स्फूर्ति प्रदान करने का संदेश दिया। अभय जैन एपीसी रमसा, प्राचार्य आलोक पाठक एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संजय त्रिपाठी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर छात्रों द्वारा निर्मित फ्राफ्ट वर्क एवं चित्रकला की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम में अतिथियों को मिट्टी के बर्तनों का उपहार भेंट किया गय। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में यशवंत नेगी, श्रीमती छाया चंदन, काशी प्रसाद मिश्रा, जे एल विश्वकर्मा, आशीष चौधरी, श्रीमती अन्नपूर्णा भारती, श्रीमती प्रतिभा शुक्ला, श्रीमती जयंती इक्का, श्रीमती मधु पटेल, सुवरण सिंह राजपूत, विनोद पंजवानी, अंगद प्रसाद साहू, एल के दुबे, मेहरून्निसा अंसारी, तबस्सुम कुरेशी, श्रीमती रीनू, संगीता ठाकुर, आयुषी पाठक, श्रुतिका, धर्मदास गर्ग, रामसहाय बर्मन, श्रीमती मुन्नी पटेल, अनुराधा बड़ेरिया, उमा प्रसाद परोहा, विनोद द्विवेदी, रामेश्वर तिवारी, रमेश धर द्विवेदी, माया गुप्ता, शिल्पा सैनी, बाल किशोर, पूनम नामदेव, गगन बर्मन, सूर्य प्रताप चौधरी, सहित संकुल तथा समीपस्थ विद्यालयों एवं स्टाफके शिक्षक, शिक्षिकाओं ने पर्यावरण समृद्धि की दिशा में संकल्पित मनोभाव से अपनी सहभागिता निभाई एवं अपना योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन विनोद कुमार गौतम एवं आभार प्रदर्शन मनमोहन बैरागी द्वारा किया गया।

## बांग्लादेशी और रोहिंग्या नागरिकों की जानकारी तत्काल पुलिस को दें

### अपर जिला मजिस्ट्रेट ने धारा 144 के तहत जारी किया आदेश

**कटनी।** अपर जिला मजिस्ट्रेट रोमानुस टोप्पो ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत सम्पूर्ण कटनी जिले के लिये आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत जिले में स्थित फैक्ट्रियों व उद्योगों के प्रबंधक, होटलों के मालिक एवं किराये में दिये गये मकान मालिकों को आदेशित किया गया है कि जिले में उद्योगों, फैक्ट्रियों में कार्यरत व्यक्तियों तथा किराये से मकानों एवं होटलों आदि में अवैध रुप से निवासरत बांग्लादेशी, रोहिन्या नागरिकों की जानकारी तत्काल क्षेत्र के थाने में उपलब्ध करना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही जिले के समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को आदेशित किया गया है कि ऐसे अवैध रुप से निवासरत बांग्लादेशी, रोहिन्यास नागरिकों की जानकारी एकत्रित कर तथा ऐसे व्यक्तियों का सत्यापन कर सूची तीन दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर एवं कार्यालय पुलिस अधीक्षक को अनिवार्य रुप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत कार्यवाही की जायेगी। उल्लेखनीय है कि उच्चतम न्यायालय में अश्वनी कुमार के द्वारा प्रस्तुत रिट याचिका सिविल क्रमांक 924-17 के संबंध में कटनी जिले के अंतर्गत अवैध रुप से निवासरत बांग्लादेशीध्रोहिंग्या नागरिकों की जानकारी चाही गई है। जिसके परिपालन में अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा यह आदेश जारी किया गया है।




यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाय 50 हॉल- ऑफिस, बैंक,
गोदाम एवं कार्यालय के लिए
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने,जबलपुर रोड बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

From 14th April 2022
CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Mittal MALL



| Audi 1 | Show | Audi 2 | Show | Audi 3 | Show |
|---|---|---|---|---|---|
| KGF Hindi 2D | 8.15 AM | KGF Hindi 2D | 9:00 AM | KGF Hindi 2D | 9:15 AM |
| KGF Hindi 2D | 11:30 AM | KGF Hindi 2D | 12:15 PM | KGF Hindi 2D | 12:45 PM |
| KGF Hindi 2D | 3:00 PM | KGF Hindi 2D | 3:30 PM | KGF Hindi 2D | 4:00 PM |
| KGF Hindi 2D | 6:30 PM | KGF Hindi 2D | 6:45 PM | KGF Hindi 2D | 7:15 PM |
| KGF Hindi 2D | 09:45 PM | KGF Hindi 2D | 10:00 PM | KGF Hindi 2D | 10:30 PM |

Paytm book my show
TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P. Contact No. 9993123830

एम जी एम हॉस्पिटल, कटनी में
नि:शुल्क BMD शिविर
शनिवार, 7 मई 2022
समय – सुबह 10:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक
डॉ. पंकज गुप्ता
एम.बी.बी.एस., एम. एस.
विशेषज्ञ चिकित्सक
वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन

चुस्त दुरूस्त जीवन के लिए आवश्यक है मजबूत हड्डियां। यदि निम्नलिखित समस्या है तो हड्डियों की कमजोरी से ग्रसित हो सकते हैं –
1. उम्र 40 से ज्यादा है ?
2. थोड़ी सी चोट लगने पर हड्डियां टूट जाती हैं ?
3. बच्चेदानी का ऑपरेशन हो चुका है ?
4. वजन ज्यादा है ?
5. मौसम के अनुसार आपकी हड्डियों में दर्द होता है ?
6. कसरत करने का वक्त नहीं मिलता है ?
7. धूम्रपान व शराब का ज्यादा सेवन करते हैं ?
8. श्वास (अस्थमा) संबंधित डायबिटीज संबंधित दवाईयां लेते हैं ?
9. थायराइड की परेशानी है ?
10. कमर में बहुत दर्द होता है ?
11. लकवा की शिकायत है ?
12. कोविड-19 (कोरोना) बीमारी से ग्रसित हो चुके हैं ?

सामान्य तौर पर इस जांच के 3000 रूपये से 5000 रूपये तक लगते हैं जो कि इस दिन आपके लिए नि:शुल्क है।
नि: शुल्क अस्थि जाँच हेतु अपना रजिस्ट्रेशन आज ही करायें।

अगर पूछे गये किसी भी सवाल का जवाब हां है तो आपको आस्टियो पोरोसिस नामक बीमारी का खतरा हो सकता है। आस्टियो पोरोसिस एक ऐसी स्थिति है जिसमें हड्डियां बहुत कमजोर व नरम हो जाती है। नतीजन हल्की सी फिसलन या गिरने पड़ने वाले हल्के से दबाव से बुढ़ापे में हड्डियां जल्दी फ्रेक्चर हो जाती है। 40 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोग खासतौर से रजोनिवृत (Menopausal) महिलाएं ऑस्टियोपोरोसिस की जांच साल में एक बार जरूर करायें।

रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
mgm HOSPITAL
एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन – 07622-405070, 405071

# 25 अप्रैल को नहीं अब 10 मई को होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

## दावे आपत्तियों के निराकरण में देर होने से बढ़ाई गई तिथि, ओबीसी आरक्षण के लिए फिर सुप्रीम कोर्ट जाएगी सरकार

**कटनी। प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकायों की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 25 अप्रैल को नहीं बल्कि 10 मई को किया जाएगा। दावे आपत्तियों के निराकरण में देर हो जाने की वजह से सूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि 15 दिन और बढ़ा दी गई है। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद आरक्षण निर्धारण की प्रक्रिया शुरू होना है पर उसके पहले ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण दिलाने राज्य सरकार एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट जाएगी। पिछड़े वर्ग की आबादी को लेकर पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा कराए गए सर्वे की रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में पेश कर सरकार पिछड़े वर्ग के आरक्षण की बहाली की मांग करेगी। अगर सुप्रीम कोर्ट ने पिछड़े वर्ग के आरक्षण को मंजूर कर लिया तो सरकार आरक्षण निर्धारण की प्रक्रिया पूर्ण कर पंचायत चुनाव का ऐलान कर देगी पर अगर सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण पर रोक बरकरार रखी तो चुनावों की घोषणा पर फिर पेंच फंसना तय है।**




गौरतलब है कि प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायतों सहित नगरीय निकायों का कार्यकाल दो ढाई साल पहले ही समाप्त हो चुका है। पहले कोरोना महामारी के कारण चुनाव में देर हुई फिर सरकार के विवादित अध्यादेश ने चुनाव की राह में मुश्किलें खड़ी कर दी। पिछले साल राज्य सरकार ने पंचायत चुनावों का कार्यक्रम घोषित कर दिया था। चुनाव के पहले सरकार ने ना तो परिसीमन कराया ना ही आरक्षण का निर्धारण किया गया। एक अध्यादेश जारी कर 2014 के परिसीमन और आरक्षण के आधार पर चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गई। 2014 के आरक्षण के आधार पर चुनाव कराने से रोस्टर का पालन नहीं हो रहा था जो पंचायत चुनाव अधिनियम का अहम हिस्सा है। इसी बात को लेकर कांग्रेस एवं कुछ अन्य लोगों ने चुनाव प्रक्रिया संशोधित कराने की मांग को लेकर पहले हाइकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगा दी। इधर महाराष्ट्र के पंचायत चुनावों में पिछड़े वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण दिए जाने को चुनौती देने वाली एक याचिका पर पहले से ही सुनवाई चल रही थी। 15 दिसम्बर 2021 को महाराष्ट्र की इस याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण दिये जाने पर रोक लगा दी साथ ही इसे पूरे देश में प्रभावी कर दिया। जब सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण पर अपना फैसला दिया तब तक मध्यप्रदेश में पंचायत चुनावों के पहले और दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिले का सिलसिला प्रारम्भ हो चुका था। इसीलिए कोर्ट ने चुनाव पर रोक लगाने से तो इनकार कर दिया पर चुनाव में ओबीसी को दिया गया 27 फीसदी आरक्षण समाप्त कर दिया। सरकार चाहती तो बिना ओबीसी आरक्षण के चुनाव करा सकती थी पर सरकार इसके लिए तैयार नहीं हुई। सरकार को इससे पिछड़े वर्ग की नाराजगी का भय सता रहा था इसीलिए सरकार ने चुनाव के लिए जारी अध्यादेश निरस्त करते हुए चुनाव ही रोक दिया। दिसम्बर 2021 में पंचायत चुनाव का घोषित कार्यक्रम निरस्त करने के बाद राज्य सरकार द्वारा फरवरी 2022 से पुनः पंचायत चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी। सबसे पहले परिसीमन का काम शुरू हुआ। ग्राम पंचायतों में आबादी के आधार पर नए वार्ड बने। कई जिलों में भौगोलिक आधार पर नई पंचायतों का गठन भी हुआ। पंचायत, जनपद और जिला पंचायत के अलावा नगर परिषद और नगर निगम क्षेत्र में भी परिसीमन किया गया। परिसीमन का कार्य मार्च तक पूरा हो जाना था पर यह अपने तय समय पर नही हो पाया। जैसे तैसे परिसीमन का कार्य पूरा कर सरकार ने मतदाता सूची तैयार करने का काम शुरू कर दिया। प्रथम प्रकाशन के बाद मतदाताओं से दावे आपत्तियां आमंत्रित की गई। 11 अप्रैल से 16 अप्रैल तक इन दावे अपतियों का निराकरण किया जाकर 25 अप्रैल को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की बात कही गई थी। दावे अपतियो का निराकरण भी दिए गए वक्त पर नहीं हो पाया। इसमें भी देर हो गई। अब मतदाता सूची दुरुस्त कर 10 मई को अंतिम प्रकाशन होगा।

### ओबीसी को आरक्षण दिलाने सर्वे रिपोर्ट का सहारा

ओबीसी आरक्षण पर रोक लगाने के साथ सुप्रीम कोर्ट ने इस सम्बंध में गाइड लाइन भी जारी की थी। जिसमे पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन कर पिछड़े वर्ग का आबादी एवं आर्थिकए राजनैतिक, सामाजिक आधार पर सर्वे कराने की बात कही गई थी। सुप्रीम कोर्ट की इस गाइड लाइन के अनुसार मध्यप्रदेश में पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा प्रदेश के सभी 52 जिलों में सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस सर्वे में प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग की आबादी 48 प्रतिशत पाई गई है। प्रदेश के 20 जिलों में ओबीसी आबादी 50 प्रतिशत से ज्यादा है जबकि कुछ जिलों में 70 फीसदी तक है। पिछड़ा वर्ग आयोग यह सर्वे रिपोर्ट सरकार को सौंपेगा। इसी रिपोर्ट को आधार बनाकर सरकार सुप्रीम कोर्ट से ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण दिए जाने की मांग करेगी। सुप्रीम कोर्ट सरकार की दलीलों से सहमत होकर ओबीसी आरक्षण को बहाल करता है तो पंचायत चुनावों का रास्ता साफहो जाएगा पर अगर सुप्रीम कोर्ट ने इस रिपोर्ट के बाद भी ओबीसी आरक्षण पर रोक बरकरार रखी तो चुनाव एक बार फिर खटाई में पड़ सकते हैं।

# प्रभारी परियोजना अधिकारी पर गिरी निलंबन की गाज

### संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय जबलपुर किए गए अटैच

**कटनी।** महिला एवं बाल विकास विभाग के संचालक ने विकासखंड बड़वारा के प्रभारी परियोजना अधिकारी रविशंकर पांडेय को लापरवाही एवं अनियमितता बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में श्री पांडेय को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी और इनका मुख्यालय संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय जबलपुर निर्धारित किया गया है। संचालनालय महिला एवं बाल विकास से शुक्रवार को जारी आदेश में श्री पांडेय पर आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन, महिला प्रताड़ना, जातिगत टिप्पणी, मुख्यालय में न रहना, वित्तीय अनियमितता, नियुक्ति प्रक्रिया में निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं करना सहित वरिष्ठ अधिकारी के निर्देशों की अवहेलना जैसे कई आरोप हैं। साथ ही परियोजना अधिकारी के विरूद्ध सी.एम. हेल्पलाइन में भी कई शिकायतें दर्ज हैं।

संचालनालय द्वारा जारी कारण बताओ सूचना पत्र का समाधान कारक उत्तर भी श्री पांडेय द्वारा नहीं दिया गया। श्री पांडेय के इस कृत्य को परियोजना अधिकारी के पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में अनियमितता एवं शासकीय निर्देशों की अवहेलना और कदाचरण का द्योतक मानते हुए निलंबन की कार्यवाही की गई है।






# अप्रेंटिशिप मेले में 288 युवाओं का चयन

### 599 युवाओं ने कराया था पंजीयन, कंपनी के संचालकों ने लिया साक्षात्कार

**कटनी।** अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार मिले, इसको लेकर गुरूवार को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कटनी में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में अप्रेटिंसशिप मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कंपनियों के संचालक शामिल हुए और युवाओं का साक्षात्कार लेते हुए युवाओं का प्राथमिक चयन करते हुए पत्र प्रदान किए। अप्रेटिंसशिप मेले में युवाओं को रोजगार दिलाने ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा प्रदान की गई थी। प्राचार्य शासकीय आईटीआई ने बताया कि 11 सौ युवाओं के पंजीयन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसमें से 599 युवाओं ने पंजीयन कराया और मेले में साक्षात्कार के लिए उपस्थित हुए। शामिल होने के लिये अभ्यर्थी की शैक्षणिक योग्यता कक्षा 10वीं या आईटी उत्तीर्ण निर्धारित की गई थी और 18 से 30 आयुवर्ग के अभ्यर्थी मेले में शामिल हुए। अप्रेन्टिसशिप मेले में यजकी इंडिया गुजरात, वॉल्वो आयशर पीथमपुर एमपी, एलएंडटी कन्स्ट्रक्शन, ग्रेट गेलियोन, सुप्रीम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, पेन्टागॉन फार्मा एंड साउनी फाईबर्स, हेटिच इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, सुजुकी मोटर, जहांनुमा पैलेस सहित अन्य कंपनियां शामिल हुई और आवेदकों के साक्षात्कार लिए। मेले के दौरान 288 युवाओं का प्राथमिक चयन कंपनियों ने किया और उनको पत्र प्रदान किए। इस दौरान आईटीआई प्राचार्य सहित स्टॉफ ने युवाओं का मार्गदर्शन किया।

# मां सिद्धदात्री पूर्णेश्वरी दरबार में 27 को होगा संत समागम





**बरही।** संदीप कालोनी बरही में विराजी मां सिद्धदात्री पूर्णेश्वरी देवी के दरवार में एक दिवसीय संत समागम दिव्य हरिकथा का आयोजन 27 अप्रैल को किया जा रहा है। हरिकथा का रसपान कराने अमेरिका से अंतरराष्ट्रीय संत महाकाल भैरव अखाड़ा महामंडलेश्वर आचार्य प्रोफेसर द्वारिकानंद गिरि महाराज बरही पहुंच रहे है। इस धार्मिक आयोजन के बारे में समिति के समाजसेवी संदीप अग्रवाल ने बताया कि एक दिवसीय हरिकथा का आयोजन मां के दरवार में किया जा रहा। जिसमें देश के संतों का समागम होगा। दिनभर विविध धार्मिक आयोजन होंगे। पूजा-आरती, प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इस दिव्य, विशाल संत समागम हरिकथा समारोह में अमेरिका से अन्तर्राष्ट्रीय संत महामंडलेश्वर द्वारिकानंद गिरि महाराज का सानिध्य प्राप्त होगा। हरिकथा का कार्यक्रम 27 अप्रैल बुधवार को दोपहर 1 बजे से संदीप कालोनी स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में आयोजित होगा। आयोजन समिति के संदीप अग्रवाल, आरती अग्रवाल, वैभव अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, पवन अग्रवाल आदि ने नगर व क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में पहुंचने व धर्मलाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

### अमेरिका से हरिकथा का रसपान कराने बरही पहुंचेंगे द्वारिकानंद गिरि महाराज

# फीडबैक में 10 आसान सवालों के दें जवाब

### नगर निगम ने नागरिकों से की अपील



**कटनी।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में नगर के अधिक से अधिक संख्या में नागरिक फीडबैक दर्ज कराने हेतु रोजाना अभियान चलाकर नागरिकों को फीडबैक के दौरान पूछे जाने वाले 10 आसान सवालों की जानकारी प्रदान की जाकर नगर हित में अधिक से अधिक नागरिकों को फीडबैक दर्ज करने की अपील की जा रही है। नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन आदेश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन एवं आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के मार्गदर्शन में निगम प्रशासन द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण की प्रतियोगिता के प्रत्येक बिंदु पर खरा उतरने के प्रयास किये जा रहे है। नागरिक प्रतिक्रिया के तहत नगर के विभिन्न स्थलों में रोजाना अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बाल गंगाधर तिलक वार्ड स्थित इंदिरा कॉलोनी, बस स्टैंड परिसर, बी.डी अग्रवाल वार्ड एवं महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों सहित नगर के बाजार क्षेत्रों में भ्रमण कर नागरिकों को फीडबैक के संबंध में जानकारी प्रदान की जाकर नगर हित में मात्र 1 मिनट में आसानी से सकारात्मक फीडबैक दर्ज करने की अपील की गई।

# आफताब अहमद बने कांग्रेस समाज कल्याण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष

**कटनी।** म.प्र. कांग्रेस कमेटी, समाज कल्याण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग भार्गव द्वारा म.प्र. कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देशानुसार म.प्र. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जे.पी. धनौपिया के अनुमोदन एवं जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष मिथलेश जैन की अनुशंशा पर आफताब अहमद चोखे भाईजान को जिला कांग्रेस कमेटी के समाज कल्याण प्रकोष्ठ में अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आफताब अहमद की नियुक्ति पर कांग्रेसजनों द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं।





# 124 हेक्टेयर की वीरानी में फिर छाई हरियाली

### बहोरीबंद की छपरा वन समिति ने पेश की संयुक्त वन प्रबंधन की मिसाल

**कटनी।** जिले के बहोरीबंद की छपरा ग्राम वन समिति ने बिगड़े वन के सुधार में संयुक्त वन प्रबंधन की शानदार नजीर पेश कर 124 हेक्टेयर क्षेत्र में जंगल को पुर्नजीवित कर दिया है। कुछ साल पहले तक वीरान हो चुकी इस पहाड़ी में अब सघन वनीकरण के बाद यहां की जैव विविधता समृद्ध हुई है। ग्राम वन समिति छपरा ने जब मानवीय गतिविधियों और पहाड़ी पर मवेशी चराने से लोगों को रोका तो पौधे का प्राकृतिक पुनरूद्भव हुआ। साथ ही यहां कुछ सालों में सघन पौधरोपण का कार्य भी किया गया। रोपे गए पौधे अब बड़े पेड़ों बदल गए हैं। समिति के सदस्य और ग्रामीणजन भी अब अपने बच्चों को इस उम्मीद से जंगल के महत्व से परिचित करा रहे हैं ताकि वे भी आने वाली पीढ़ियों के लिए इसकी देखभाल करें। वनमंडलाधिकारी आरसी विश्वकर्मा ने बताया कि वन समिति के सदस्यों के निस्तार के लिए 17-18 सौ क्विंटल जलाऊ लकड़ी की उपलब्धता जंगल में गिरी.पड़ी सूखी लकड़ी से पूरी हो जाती है। बीते साल सदस्यों को निस्तार हेतु 965 नग बल्लियां और 22 नग जलाऊ लकड़ी का चट्टा समिति को दिया गया। साथ ही बल्लियों की बिक्री से प्राप्त करीब 97 हजार रूपये की राशि को समिति के खाते में जमा किया गया है। इसके अलावा वनोत्पाद व वनोपज के संग्रह व विक्रय से भी आय अर्जित हो रही है। श्री विश्वकर्मा बताते हैं कि सघन वन हो जाने की वजह से अब यहां तेंदुआ, जंगली सुअर, सियार, मोर और चीतल आदि की संख्या में भी काफी वृद्धि हुई है।

# अब दिन के साथ-साथ रात्रिकालीन सफाई पर जोर

### माधवनगर उत्कृष्ट विद्यालय सहित चौक और बाजारों में भी चला स्वच्छता अभियान







**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था को उच्च स्तरीय बनाये रखने हेतु रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था मे गति प्रदान कर विगत रात्रि माधवनगर के विभिन्न स्थलों, उत्कृष्ट स्कूल के सामने, ग्राम पंचायत चौराहा, बॉम्बे होटल तिराहा, मेन बाजार, सहित अन्य स्थलों नगरीय क्षेत्र के विभिन्न मुख्य मार्गो बस स्टैंड परिसर की सफाई का कार्य कराया जाकर कचरे के उठाव का कार्य कराया गया।

मुख्य मार्गो सहित मलिन बस्तियों में कराई गई सफाई।

प्रातः कालीन दैनिक सफाई व्यवस्था के दौरान नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्र के विभिन्न वार्डो की गलियों में झाडू के कार्य सहित नगर के विभिन्न स्थलों नदी पार मुख्य मार्ग, चांडक चौक मिशन चौक, कावस जी वार्ड भट्टा मोहल्ला, बरगवां ओव्हर ब्रिज मुख्य मार्ग, तिलक कॉलेज मुख्य मार्ग, शिवाजी वार्ड के विभिन्न स्थलों, डॉ जाकिर हुसैन वार्ड स्थित संजयनगर, ए.सी.सी मार्केट सहित नगर के विभिन्न स्थलों, उपनगरीय क्षेत्र माधव नगर के विभिन्न वार्डो की मुख्य एवं अन्य गलियों की सफाई के साथ ही मलिन बस्तियों की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए महात्मा गांधी वार्ड स्थित हरिजन बस्ती, कावस जी वार्ड शमशान भूमि रोड एवं पीछे मलिन वंशकार बस्ती में सफाई का कार्य कराया गया।

प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी नें बताया कि सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग का अमला निरंतर प्रयासरत है। रोजाना प्रातः से फील्ड पर रहकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये जा रहे है। मुख्य मार्गो की सुंदरता एवं सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे के मुख्य मार्ग, कार्यालय कलेक्ट्रेट, नदी पार मुख्य मार्ग के डिवाइडरों की सफाई के साथ ही मुख्य मार्ग के अपशिष्ट एवं पन्नियों के उठाव का कार्य किया गया। नगर के विभिन्न कचरे के प्वाइंटों की सफाई की जाकर वार्डो में डोर टू डोर जाकर नागरिकों से संपर्क कर गीले एवं सूखे कचरे के संग्रहण का कार्य किया गया।

### अभियान चलाकर की गई छोटे एवं बडे नाले नालियों की सफाई

नगर के बडे नालों की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित पन्नी कॉलोनी के विभिन्न स्थलों की नालियों राम मनोहर लोहिया वार्ड दीपक कचेर की कुलिया की नाली, चन्द्र शेखर आजाद वार्ड गाटर घाट स्थित साहू धर्मशाला के पास एवं बाबली टोला के बाजू से स्थित के बड़े नाले सहित नीरज दुबे के घर के पास की नालियों, कटाए घाट मुक्तिधाम रोड के बडे नाले की सफाई, कावसजी वार्ड जग्गी पान वाले के सामने से रवि पंडा भरत चौधरी के पास तक फारेस्टर वार्ड रेल्वे लाईन के किनारे के बडे नाल एवं निषाद गली की नालियों, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड अविनाश किराना गली सहित नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्र के अन्य बड़े नाले एवं नालियों के अपशिष्ट की सफाई का कार्य किया जाकर सुगम पानी निकासी के प्रयास किये गए।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/– |
| 3 दिन | – | 250/– |
| 7 दिन | – | 500/– |
| 15 दिन | – | 1200/– |
| 30 दिन | – | 1800/– |

साईज– 5x1
आवश्यकता, खरीदना–बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोन:– 07622–230033
Email :- katni@yashbharat.com

## भूसा के कटनी जिले से बाहर परिवहन पर पुलिस की नकेल

### बड़वारा पुलिस ने पकड़े भूसा लोड ट्रक

**कटनी।** जिले में पशु चारा संकंट को देखते हुए कलेक्टर के द्वारा जिले के बाहर पशु चारा से संबंधित वस्तुओं के परिवहन पर प्रतिबंध लगाया गया है। कलेक्टर के द्वारा लगाए गए इस प्रतिबंध का पालन पुलिस के द्वारा भी शुरू कर दिया गया है। जिले की बड़वारा पुलिस ने गेहूं के भूसे का परिवहन जिले से बाहर करने पर दो ट्रकों को पकड़ कर थाने में



खड़ा कराया है। गौरतलब है कि ईंट भट्ठो व उघोगों के गेहूं के भूसे का उपयोग होने के कारण न केवल इसके दामों में वृद्धि हो रही है बल्कि इसका परिवहन भी व्यापक पैमाने पर जिले से बाहर होने लगा है। वहीं दूसरी तरफ हारवेस्टर से गेहूं की कटाई होने की वजह से जिले में भूंसे का भी संकंट होने लगा है। ऐसे में कलेक्टर के द्वारा भूंसे का परिवहन जिले से बाहर करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर के इस आदेश का पालन पुलिस के द्वारा शुरू कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश तथा उपपुलिस अधीक्षक मुख्यालय शालिनी परस्ते के मार्गदर्शन पर बड़वारा पुलिस ने भूसा लोड दो ट्रकों को पकड़ कर थाने में खड़ा कराया है। बड़वारा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा के मुताबिक ट्रक क्रमांक एम.पी.20जीए-0144 व ट्रक क्रमांक एम.पी.21एच-0754 को पकड़ कर थाने में खड़ा कराया गया है। दोनों ट्रकों में भूसा लोड है। जिसका परिवहन जिले से बाहर किया जा रहा था। पुलिस ने दोनों ट्रकों के चालकों क्रमशः पड़ोसी जिला उमरिया के चंदिया क्षेत्र निवासी 43 वर्षीय मुबारक पिता अजीज मोहम्मद व कोतमा निवासी 50 वर्षीय बसंत पिता बैजनाथ यादव के विरूद्ध संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## पानी के नाम पर पानी में बह रहे लाखों, सार कुछ भी नहीं



### बूंद-बूंद पानी को तरस रहा शहर, ग्रामीण क्षेत्रों में भी बढ़ रही पेयजल समस्या



गांव-गांव बिगड़े हैंडपंपों का सुधार न होने से स्थिति हो रही बेकाबू

**कटनी।** प्यासे कटनी शहर की प्यास बुझाने जो भागीरथी प्रयास होना चाहिए वो नहीं हो रहे हैं। हरसाल गर्मी के मौसम में प्यासे शहर की प्यास बुझाने पानी की तरह पैसा जरूर बहाया जाता है लेकिन पानी की तरह पैसा बहाने के बावजूद लोगों को भरपूर मात्रा में पेयजल नहीं उपलब्ध हो पा रहा है। जिला प्रशासन व नगर निगम प्रशासन एक बार अच्छे से भागीरथी प्रयास करते हुए यदि नर्मदा जल को कटनी नदी में पहुंचा दे तो शायद शहर की यह समस्या हमेशा के लिए खत्म हो जाए लेकिन यह प्रयास केवल और केवल फाइलों में चल रहे हैं जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। बहरहाल जैसे-जैसे जिले में पारा परवान चढ़ रहा है वैसे-वैसे पेयजल की समस्या भी विकराल हो रही है। जिले के जिम्मेदार अधिकारी बारिश कम होने की मुख्य वजह बताकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला जरूर झाड़ रहे हैं लेकिन हकीकत तो यह है कि समय रहते काम नहीं हुए। गर्मी के पहले यदि योजनाबद्ध तरीके से काम हो जाता तो शायद शहर से लेकर गांव तक पेयजल के लिए ऐसी तबाही नहीं मचती। शहरी क्षेत्र में नगर निगम ने कोई ठोस प्लान नहीं बनाया। जब गंभीर समस्या निर्मित हो गई तब जाकर नलकूपों का खनन कराया जा रहा है। पूर्व से ही पानी के अनाधिकृत उपयोग पर कार्रवाई नहीं हुई। यही हाल ग्रामीण इलाकों का है। दम तोड़ चुकी योजनाओं की समय रहते मरम्मत नहीं हुई, हैंडपंपों का सुधार नहीं हुआ।

### टैंकरों से बिक रहा पानी

शहर में भीषण पेयजल संकंट के बावजूद जिला व नगर निगम प्रशासन द्वारा पानी के फालतू उपयोग के लिए लगाए गए प्रतिबंध भी बौंके साबित हो रहे हैं। शहर से लेकर गांव-गांव तक प्रतिबंध के बावजूद न तो बोरिंग उत्खनन पर प्रभावी प्रतिबंध लग पा रहा है और न ही शासकीय निजी निर्माण कार्य बंद हो रहे हैं। उधर दूसरी ओर शहर की कुछ निजी फर्में इन निर्माण कार्यों को टैंकरों से मुंह मांगी कीमत लेकर पानी उपलब्ध करा रही हैं। शहर के हीरागंज, नईबस्ती क्षेत्र सहित कई जगह धड़ल्ले से निर्माण कार्य चल रहे हैं।

### 25 को सौंपा जाएगा ज्ञापन

चन्द्रशेखर आजाद वार्ड के निवासियों द्वारा पानी की समस्या व अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए आयुक्त नगर निगम कटनी को 25 अप्रैल को युवा कांग्रेस के विधानसभा उपाध्यक्ष व पार्षद राहुल पटेरिया के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा जाएगा। पानी की भीषण समस्या को देखते हुए दो बोरिंग खनन कराने एवं गांधी स्कूल पानी की टंकी की सप्लाई प्रतिदिन एक घंटे, आजाद चौक की ब्रिज निर्माण के समय छोड़ी गई रोड बनाने की मांग की जाएगी।

## दो माह में कंपनी नहीं सुधार सकी कार

**कटनी।** कार बेचने वाली एक कंपनी के शोरूम से वाहन खरीदकर एक ग्राहक बुरी तरह फंस गया है। नई कार में आठ महीने के अंदर ही खराबी आ गई। उसे सुधार कार्य के लिए कंपनी के वर्कशॉप में लाया गया तो दो महीने बाद भी कार वापस नहीं मिलीं। परेशान वाहन स्वामी अपनी कार के बावजूद किराए पर चार पहिया वाहन करके घूम रहा है। उसे हर दिन चपत लग रही है।

### वाहन स्वामी परेशान, पुलिस तक पहुंची शिकायत

परेशान होकर वाहन स्वामी ने अब पुलिस में कार शोरूम संचालक के विरुद्ध कार्रवाई के लिए शिकायती पत्र दिया है। बरही निवासी रामशंकर पांडे के अनुसार उसने जुलाई 2021 में झिंझरी स्थित शुभ मोटर्स से एक कार खरीदा था। वाहन क्रमांक एम.पी.21सीबी-1933 है। नई कार करीब 13 हजार किलोमीटर ही चली थी कि उसके इंजन में तकनीकी खराबी आ गई। 27 फरवरी 2022 को कार को सुधार कार्य के लिए लेकर शुभ मोटर्स के वर्कशॉप में गया था। लगभग दो महीने हो चुके है लेकिन कार का सुधार कार्य अभी तक नहीं हुआ है। शोरूम में शिकायत लेकर जाने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है। कार कंपनी के रवैये से प्रताड़ित हूं। कार खराब होने के कारण आवाजाही के लिए किराए की कार करना पड़ रहा है। मामले में माधव नगर पुलिस थाना को शिकायत की है। संचालक के विरुद्ध कार्रवाई और किराए की कार में खर्च हो रही राशि का हर्जाना दिलाने की मांग की गई है।

## आईपीएल क्रिकेट सट्टे को पुलिस की मौखिक स्वीकृति!

### छोटे-बड़े मिलाकर एक सैकड़ा लोग गुप्त आईडी में ले रहे बुकिंग, भूमिगत हुए नामी चेहरे, कई शहर से बाहर

**कटनी।** आईपीएल महाकुम्भ के साथ क्रिकेट सट्टा बाजार भी सक्रिय हो गया है। क्रिकेट मैच की शुरूआत के साथ ही शहर के सटोरियों ने भी अपनी सट्टे कारोबार की बिसात बिछा ली है। शहर में ऑनलाइन फोन पर सट्टे का कारोबार शुरू हो गया है। इन सभी से निपटने के लिए पुलिस ने भी साइबर सेल को सक्रिय किया है लेकिन इस बार साइबर सेल भी सक्रिय नहीं दिख रहा है। लगता है कि क्रिकेट सट्टा बाजार को खुला छोड़ दिया गया है और या ये कहे कि आईपीएल क्रिकेट सट्टे को पुलिस की मौखिक स्वीकृति तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। शहर व उपनगरीय क्षेत्रों में कई क्रिकेट के सटोरिए सक्रिय है। मैच शुरू होने के साथ ही शहर के बुकी अपने-अपने ठिकानों पर पहुंच जाते हैं और टेबलों पर लेपटॉप और मोबाइल भी जमा जाते हैं। वैसे तो यह बुकी आम दिनों में शहर की सड़कों पर लक्जरी कारों में घुमते है लेकिन आईपीएल शुरू होते ही यह सभी अपने-अपने ठिकानों पर जाकर बैठ जाते है और वहीं से लाखों की बोलियां लगाना शुरू करते है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इन बुकियों द्वारा शहर भर के छोटे-बड़े करीब 80 से 100 सटोरियों को मोबाइल फोन में आईडी दे दी जाती है। जिसके बाद आईपीएल की काली दुनियां की शुरूआत होती है। अब आईपीएल का शौकिन मैच पर दाव लगाने के लिए इस आईडी में हजारों रूपए भी ट्रांसफर करता है। जिससें की वह मैच पर बोली लगा सकें। सूत्रों की माने तो जितने सटोरियों द्वारा आईपीएल पर दांव लगाएं जाते है। उनमें से अधिकतम मध्यमवर्गीय परिवार के है, बाकि जो बचते है, वह सभी काली दुनियां की काली कमाई से ऐशो आराम की जिदंगी बीता रहे हैं।

### शहर भर में चल रहा काला कारोबार

सूत्रों से एक जानकारी यह भी सामने आई है कि शहर व उपनगरीय क्षेत्रों में धड़ल्ले से आईपीएल पर काला कारोबार शुरू हो गया है। इन सब जगहों में सबसे हैरानी की बात यह है कि इनमें से अधिकतर बुकियों ने पुलिस थानों के आसपास ही अपना ठिकाना जमाया हुआ है।



### 10 हजार से शुरूआत, लाखों तक बोली

जानकारी में सामने आया है आईडी के माध्यम से यह बुकी शुरूआती बोली कम से कम 10 हजार की बोली लगाते है। जिसके बाद धीरे-धीरे कर यह बोली लाखों तक पहुंच जाती है। बुकियों द्वारा लगाई जाने वाली बोली नीचे में तो 10 हजार है लेकिन ऊपर में कितनी है, इसका अंदाजा कोई नहीं लगा सकता है। आपको बता दे कि बुकियों द्वारा जिस आइडी का उपयोग किया जाता है, साथ ही जो आईडी सटोरियों को दी जाती है, उस आईडी में जब तक बैलेंस होता है। तब तक ही यह लोग मैच पर बोली लगा सकते है, उसके बाद फिर आईडी अकाउंट में रूपए डालने होते है। यानि की कुल मिलाकर आईडी पर काली दुनियां का खेल संचालित होता है।

### शहर से दूर जमाते हैं ठिकाना

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सामने आया है कि यह बुकी शहर में मौजूद अपने ठिकानों के अलावा शहर से दूर ऐसी जगहों पर पहुंचकर सट्टे की काली दुनियां को संचालिक करते है और मैच खत्म होते ही फिर शहर के लिए रवाना हो जाते है। जानकारी में सामने आया है कि वर्तमान में कुछ सटोरिए अपनी-अपनी लक्जरी कारों से अपने ठिकानों तक का सफर तय कर रहे हैं।

### सेशन के अनुसार बोली

सूत्रों की माने तो बुकियों द्वारा 6, 10, 15 और 20 ओवर में हजारों रूपए की बोली लगाई जाती है। यह हजारों की बोली बुकी छुटपुट सटोरियों के लिए लगाई जाती है लेकिन बुकियों द्वारा इन्हीं ओवर और मैच में लाखों की बोलियां लगाई जाती है।

### इनका कहना है

आईपीएल क्रिकेट में मैच को लेकर सटोरियों पर कार्रवाई के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए है। वहीं साइबर सेल को भी पुराने सटोरियों के नंबर सक्रिय कर उन पर नजर रखने के निर्देश दिए है। शहर में क्रिकेट सटोरियों को नहीं बख्शा जाएगा।

- सुनील कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक

### सूचना

मैं मदन माखीजा आयु लगभग 38 वर्ष पिता श्री श्रीचंद माखीजा निवासी कैरिन लाइन आचार्य कृपलानी वार्ड माधवनगर कटनी तह. व जिला कटनी म.प्र. का निम्न लिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि यह कि मैं कैरिन लाइन आचार्य कृपलानी वार्ड माधवनगर कटनी तह. व जिला कटनी म.प्र. का स्थायी निवासी हूं। मेरा विवाह दिनांक 14.11.2019 को लता सोनी पिता का नाम श्री खुशाल सोनी विवाह के समय आयु 35 वर्ष निवास का पता जयप्रकाश वार्ड नई बस्ती कटनी तह व जिला कटनी के साथ माधवशाह दरबार पता माधवनगर कटनी में हुई है। मैंने अभी तक अपने विवाह का पंजीयन नहीं करवाया गया है तथा मैं अपने विवाह का पंजीयन करवाना चाहता हूं मेरे द्वारा दी गई जानकारी पूर्ण रूप से सत्य व सही है इसमें कोई लुकाव छिपाव नहीं किया गया है।


पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009



श्री वेंकटेश्वरा
डीजल स्पेयर बोरवेल्स प्राइवेट लिमिटेड
सबमसिर्बल पंप एवं PVC पाइप के थोक विक्रेता
हर प्रकार के बोर 9 बाय 7.4 खेत, घर कुआं एवं सबमर्सिबल पम्प, केसिंग पाईप हेतु संपर्क करें
हर प्रकार के बोर करवाने हेतु, उचित दरों में....
PVC पाइप थोक दर प्रति किलो के हिसाब से उपलब्ध
सबमसिर्बल पंप सेट थोक दरों में उपलब्ध
मैनेजिंग डायरेक्टर
समकित जैन-7869171856
शोएब खॉन-7869168079
पप्पू जायसवाल- 7987151588
अध्यक्ष- कटनी बोरवेल्स एसोसियेशन
ब्रांच ऑफिस- सत्यनारायण मंदिर के पास, पैरामाउंट स्टील के सामने, माई नदी, कटनी



PRE. REGISTRATION साईंनाथ स्कूल/कालेज ऑफ नर्सिंग
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठयक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



आवश्यकता है
ऑफिस में कार्य हेतु अनुभवी युवक-युवतियों की आवश्यकता है। टेली में कार्य करने वाले को प्राथमिकता दी जावेगी।
संपर्क- शकुंतला ग्रेनाईट एण्ड टाईल्स जबलपुर रोड बरगवां कटनी
मो. 9009767272



स्व. श्री धनेन्द्र (जित्तु) गर्ग जी की प्रथम पुण्यतिथि में आयोजित
श्रीमद् भागवत कथा
शनिवार 23 अप्रैल 2022 से शनिवार 30 अप्रैल तक
शनिवार 30 अप्रैल 2022 को कन्या भोज, ब्राम्हण भोज, भण्डारा एवं प्रसाद वितरण
स्थान- मुख्य मार्ग इमलिया, निज निवास स्थान मनकामेश्वर मंदिर ग्राम पंचायत इमलिया, जिला-कटनी
स्व. श्री धनेन्द्र (जित्तु) गर्ग जी
निवेदक-धर्मेन्द्र गर्ग
एवं समस्त गर्ग परिवार व मित्रगण, मो. 8463060428
कथा व्यास परमपूज्य गुरूदेव आचार्य डॉ. श्री बालेन्दु प्रसाद मिश्रा जी महाराज कटनी (बरगढ़ वाले गुरूजी)



PRE. REGISTRATION
साईंनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठयक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



प्लॉट बिकाऊ है
समदड़िया सिटी, राय कालोनी, बारह बंगला के पास एवं शांतिनगर में साईज 1000 से 3000 वर्गफुट तक के प्लॉट रेट 1000 से 1200 वर्गफुट में उपलब्ध हैं। सिर्फ खरीददार ही संपर्क करें।
मो. 9993705740



JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668



आर्टिफिशल इन्टेलीजेन्स के साथ कटनी की प्रथम अति आधुनिक 32-96 स्लाइस 2021 मॉडल सीमन्स कम्पनी की मशीन
एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
-32-96 स्लाइस की मशीन होने के कारण एक्सपोजर समय अत्यंत कम
-सी टी हेड 6 सेकेंड
-सी टी चेस्ट 20 सेकेंड, -सी टी एबडामन 30 सेकेंड, -कम एक्सपोजर कम रेडीयेशन
आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087, 8319994375 फोन 07622-494511



HOTEL GRAND MERIDIAN
Facilities
Luxury Rooms
Banquet Hall
Conference Hall
Free Wifi
Cinema
Restaurant
Bar
Car Parking
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni MP 483501
Contact-07622-422403,422404,422405 www.hotelgrandmeridian.com



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)